चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0 / 430
दिनांक : 13/3/24

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हेडवे कॉलेज ऑफ ऐजुकेशन एण्ड टैक्नोलॉजी, मेरठ की बी0एड0 सत्र 2017–19 प्रथम वर्ष की छात्रा नन्दिनी शर्मा, अनुक्रमांक–1805870020 विषय कोड–702 की प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित हुई थी। परीक्षक द्वारा त्रुटिवश उक्त छात्रा के विषय कोड–702 के अंक छात्रा नीलम देशववाल, अनुक्रमांक–1805870021 के सम्मुख अंकित कर दिये गये। परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 09.02.2024 के मद संख्या–07 में पारित संकल्पानुसार छात्रा नीलम देशववाल, बी0एड0 सत्र 2017–19 प्रथम वर्ष, अनुक्रमांक–1805870021, बारकोड संख्या– 196192, विषय कोड–702 के सम्मुख अंकित प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक निरस्त कर दिये गये हैं।

उक्त निर्णय के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि छात्रा नीलम देशववाल, बी0एड0 सत्र 2017–19 प्रथम वर्ष, अनुक्रमांक–1805870021 को जो बी0एड0 प्रथम व द्वितीय वर्ष की मूल अंकतालिकायें व उपाधि त्रुटिवश निर्गत हो गयी हैं। छात्रा 07 दिवस के अन्दर विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 पर जमा करा दे अन्यथा उक्त अंकतालिकायें व उपाधि स्वतः निरस्त मानी जायेंगी। यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा समिति द्वारा सम्बन्धित परीक्षक को उक्त लापरवाही हेतु 03 वर्ष के लिये प्रयोगात्मक एवं सैद्धान्तिक परीक्षाओं का परीक्षक बनाये जाने से डिबार कर दिया गया है।

13-03-2024
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ।
4. उप कुलसचिव, बी0एड0 सेल को सूचनार्थ।
5. संकायाध्यक्ष–शिक्षा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. कार्याल अधीक्षक (गोप0) को अनुपालनार्थ।
7. कार्यालय अधीक्षक (सामान्य प्रशा0) को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना नियमानुसार समाचार पत्रों में प्रकाशित कराकर उसकी प्रति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ।
9. प्रभारी, बी0एड0 सेल को सूचनार्थ।
10. प्रभारी, बी0एड0 पटल (गोप0) को अनुपालनार्थ।
11. प्रभारी, कमेटी सेल को सूचनार्थ।
12. प्रभारी वेबसाईट को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

उप कुलसचिव (गोपनीय)